मांग संख्या 24

मुख्य शीर्ष 5054

मद कमांक 1

विभागीय प्रस्तावानुसार सिंगदेही-जोरातराई मार्ग पर पुल के निर्माण के स्थान पर दोनर बोरसी मार्ग पर पुल का निर्माण किया जाना है । अत: पूर्व से बजट में शामिल मार्ग को विलोपित करते हुए उसके लिए इस वर्ष बजट प्रावधान से प्रस्तावित पुल का निर्माण किया जाना है । यह नवीन व्यय का मद है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु 100 रूपये के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 2

ग्राम खण्डसार विकास खण्ड कवर्धा में डामरीकृत रोड अनुमानित लागत रूपये 20.00 लाख । इस वर्ष रूपये 6.00 लाख का व्यय संभावित है । यह कार्य विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अत: इस प्रयोजन हेतु 100 रूपये के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 3

1. मांगी बाहरा से राजपुर तक सड़क निर्माण (अनुमानित लागत रूपये 80.00 लाख) इस वर्ष रूपये 10.00 लाख का व्यय संभावित है । **2.** बमनी से चारभाठा मार्ग 4 किमी. अनु.लागत 120 लाख पर व्यय 12.00 लाख संभावित है ।

अत: इस प्रयोजन हेतु रूपये 22,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।